Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-07-2022 | अंक 292

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल खेलने के दौरान युवक गिरा हुआ घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के डूमरडीह निवासी नितेश कुमार उम्र 25 वर्ष पिता गणेश चंद्रवंशी फुटबॉल खेलने के दौरान फिसल कर गिर गया। जिससे हाथ में गंभीर चोट आ गया। आस पास के लोगो ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

# पर्यावरण के संतुलन एवम संरक्षण के लिए नियमित पौधरोपण जरूरी : नेहा कुमारी

## जन शिक्षण संस्थान की ओर से कस्तूरबा विद्यालय में पौधरोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान हजारीबाग के द्वारा मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। जिसके तहत स्वच्छता एवम पर्यावरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरही में वृक्षारोपण के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप. स्थित छात्राओं को वृक्ष एवम वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की गई । साथ ही वृक्ष न होने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके



जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते रवीश कुमार

उपरांत विद्यालय परिसर में वार्डन सह शिक्षिका नेहा कुमारी, निदेशक जन शिक्षण संस्थान रवीश कुमार तथा शिक्षिकाओं एवं छात्राओं, के द्वारा पौधरोपण किया गया एवम वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया।। रविश कुमार ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। वही पौधारोपण के साथ साथ उसको संरक्षित करने पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में निदेशक जन शिक्षण संस्थान रवीश कुमार वार्डन नेहा कुमारी, शिक्षिका ज्योति वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष गीता देवी सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

APEM LIVE NEWS सच का साथी




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## धान की रोपाई शुरू, पर बारिश न होने से किसान हतास : मुनेजा खातून

### राज्य को सुखाड़ घोषित करे राज्य सरकार : मो कयूम




धान का बिचड़ा निकालते मो कयूम व अन्य



धान की रोपाई करते मुनेजा खातून एवं अन्य महिलाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एक कहावत है की आषाढ़ में किसान धान लगाने से चूक गया तो फिर उसे किसानी संवारना मुश्किल हो जाता है। खेती के लिहाज से यह महीना बहुत ही अहम है। क्योंकि धान की खेती की शुरुआत आषाढ़ से हो जाती है। हल्की बूंदाबांदी को छोड़ दिया जाए तो अभी तक मानसून की झमाझम बारिश नही हुई है। इसी क्रम में बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाका गरजामो में कल हुई हल्की बारिश के बाद बरही पूर्वी के पूर्व जीप सदस्या मूनेजा खातून एवं समाजसेवी मो कयूम ने रोपा शुरू कर दिया है। वहीं समाजसेवी मो कयूम ने बताया की बारिश सही समय से नही होने के कारण बरही के अधिकतर किसान भाई दहन के बीज का बुवाई भी नही की जा सकी है। यदि यही हाल रहा तो बरही के अधिकांश किसान अपनी फसल से हाथ धो बैठेंगे। वहीं उन्होंने कहा की प्राकृतिक की उदासीनता ने किसानों के चेहरे से मुस्कान छीन ली है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग किया की राज्य को अविलंब सुखा एवं अकाल क्षेत्र घोषित करे।

## जनप्रतिनिधियों का दुरुपयोग नहीं करे उनका प्रतिनिधि : विकास सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 32 सालों के बाद 2010 में पहली बार इसलिए कराया ताकि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याण योजनाएँ पंचायत की जनप्रतिनिधियों के माध्यम से धरातल पर सही तरीक़े से उतर सकें और उन योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंद लोगों को प्राप्त हो सके । चुनाव आयोग ने झारखंड में जब पुनः 32 सालों के बाद झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने का निर्णय लिया तो चुनाव आयोग ने स्पष्ट तौर पर यह कहा की यह चुनाव राज्य में किसी भी राजनीतिक पार्टी के सिम्बल के बिना कराया जाएगा । 2010 के बाद 2015 और 2022 में राज्य में तीसरी बार त्रिस्तरीय पंचायत कराया गया । तिनो बार की चुनाव बहुत सफलता पूर्वक राज्य में कराया गया । किंतु दुर्भाग्य यह है की राज्य के अंदर यह एक ऐसा चुनाव जो किसी राजनीतिक पार्टी के सिम्बल के बिना लड़ा जाता है जिसको चुनाव ख़त्म होने के बाद इसे पार्टी विशेष से जोड़ कर देखा जाता है । और इसमें जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि सीधे तौर पर हावी होते हैं । अगर इसपर रोक नहीं लगाया गया तो आने वाले भविष्य के लिए यह ख़तरे की निशानी है। इस पर चिंता ज़ाहिर करते हुए रसोईया धमना पंचायत के मुखिया प्रत्याशी रहे विकास सिंह ने कहा की राज्य सरकार व चुनाव आयोग को इस पर ठोस निर्णय लेते हुए सख़्त क़ानून बनाने की ज़रूरत है । साथ ही अपील किया की लोकतंत्र में पंचायत चुनाव सबसे निचले स्तर का चुनाव है और इस चुनाव में हमलोंग व्यक्ति विशेष के तौर पर जनप्रतिंनिधि चुनते है । जो किसी भी राजनीतिक पार्टी से बिलकुल अलग है । इसलिए हमलोगों को किसी पार्टी के बहकावें में नहीं आना है । और आपसी मेलजोल के साथ पंचायत का विकास कर एक नया अध्याय लिखना है ।

## सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



साड़ी धोती का वितरण करते जन प्रतिनिधि

रसोइया धमना के पीडीएस डीलर अर्जुन साव के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती लुंगी का वितरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वितरण कार्यक्रम में जीप सदस्या प्रीति कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया गो. विन्द साहू ने संयुक्त रूप से सैकड़ो लाभुकों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रीति कुमारी ने कहा कि सरकारी योजना सोना सोबरन के तहत गरीबों को साड़ी धोती एवं लुंगी दी जा रही है। ताकि उन्हें वस्त्र की कोई परेशानी नही हो। योग्य लाभुक को साड़ी धोती एवं लुंगी मिले। इसका ख्याल हम सबों को रखनी होगी। मौके पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, समाजसेवी तौकीर रजा, डीलर अर्जुन साहू सहित रसोईया धमना के सैकड़ो लाभुक मौजूद थे।

## सोनिया गांधी पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हजारीबाग कांग्रेस ने दिया धरना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में शुक्रवार को हजारीबाग कांग्रेस कमेटी ने धरना किया। जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह के नेतृत्व में हजारीबाग में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला के साथ जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, अब्दुल मन्नान वारसी, सुनील साहू, दीपक गुप्ता, नरेश सिंह आदि शामिल हुए। इस दौरान धरने में शामिल पार्टी के नेताओं ने सोनिया गांधी पर ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर बरसे। वहीं बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की मोदी सरकार के साजिश कर देश भर में विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। ईडी का गठन देशविरोधी कार्य में शामिल लोगो के खिलाफ फंडिंग की जांच के लिए की गई थी, लेकिन मोदी सरकार में ईडी को हर आवाज उठाने वाले नेताओं के खिलाफ लगा दिया जाता है।

## अभय आर्यन 95.2 अंक के साथ डीएवी स्कूल के टॉपर रहे, अभिनव कुमार 94.2 द्वितीय,श्वेता कुमारीऔर तानिया कुमारी राणा 94: लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया

### डीएवी स्कूल के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उतीर्ण,90 प्रतिशत से ऊपर 20 बच्चो ने पाई सफलता









डीएवी के सफल विद्यार्थी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सत्र 2021 – 22 में सीबीएसई के द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र छात्राओं ने बेहतर स्थान प्राप्त कर स्कूल के साथ–साथ बरही का नाम भी गौरवान्वित किया है। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के अंतर्गत कुल 215 बच्चे इस परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें शत–प्रतिशत बच्चों ने सफलता प्राप्त की। 90% और उससे ऊपर अंक 20 बच्चों ने प्राप्त किया। 80% से ऊपर अंक 50 छात्र – छात्राओं ने प्राप्त किया। जबकि विद्यालय के 92 बच्चों ने 75% या उससे अधिक अंक लाकर डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की मंगल कामना की ।प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता सभी छात्र छात्राओं के अथक प्रयास के साथ–साथ उनके अभिभावकों का सहयोग विद्यालय के कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं डीएवी के मार्गदर्शक के रुप में कार्यरत शीर्ष अधिकारियों के सहयोग का परिचायक है ।कोरोना काल के उपरांत विद्यालय परिवार के द्वारा प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में सभी छात्र छात्राओं ने अपना सर्वोत्तम प्रस्तुत करते हुए अपने आगे के भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के अंक उनके भविष्य की ओर इशारा तो करते ही हैं साथ ही साथ उनके जीवन में आने वाले बदलाव के साथ सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्व को निभाते हुए और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करते है। यह बच्चे आगे चलकर अपने भविष्य को संवारते हुए समाज के लिए कुछ बेहतर विकल्प प्रस्तुत कर सकेंगे ,ऐसा विद्यालय का सदैव से प्रयास रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ग्रामीण बच्चो में भी होती है काबिलियत बस निखारने की है जरूरत : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







बरही खोड़ाहर पंचायत निवासी शिव कुमार यादव की पुत्री रूपाली कुमारी कक्षा बारहवीं में 95.8 प्रतिशत लाकर अठ्वा रैंक और दसवीं कक्षा में पुत्र रoनित कुमार ने 96.8 प्रतिशत लाकर दसवां रैंक लाकर डीएवी स्कूल हजारीबाग के सीबीएसई बोर्ड के दसवीं व बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण होकर खोड़ाहर पंचायत समेत बरही प्रखंड को गौरवान्वित किए हैं। वहीं संजय यादव ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि आपकी लगन, मेहनत और सफलता से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की उत्सुकता बढ़ेगी और बढ़ भी रही है बधाई देने वालो में खोड़ाहर पंचायत के मुखिया प्रीतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, छोटेलाल यादव, रोहित यादव, गणेश यादव, प्रकाश यादव, रामप्रवेश यादव, आशीष यादव, बंसी यादव, राजू यादव, सुभाष यादव, अनुज यादव, संजय यादव, अनिल यादव, महेश यादव, दिनेश यादव, सूरज यादव, नरेश यादव, तुलसी यादव एवं परमेश्वर यादव शामिल है।

## रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई मैट्रिक रिज़ल्ट में बेहतर प्रदर्शन, शत प्रतिशत उपलब्धि

### 90 प्रतिशत अंक के साथ आर्यन कुमार और रविकांत कुमार रवि रहे स्कूल टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



ARYAN KUMAR
90%


RAVIKANT KR. RAVI
90%



SULEKHA KUMARI
84%


RIYA KUMARI
84%

सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा परिणाम के अनुसार रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल रसोइया धमना का रिजल्ट काफी बेहतर रहा है। फिर से इस बार भी शत – प्रतिशत रिजल्ट आया। आर्यन कुमार और रविकांत कुमार रवि 90 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर रहे हैं। इसके अलावा सुलेखा कुमारी, अभिमन्यु कुमार, रिया कुमारी, कोमल अग्रवाल एवं राजकुमार का 85 प्रतिशत अंक के साथ सफलता पाई है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कुल 131 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें स्कूल टॉपर उक्त सात विद्यार्थी हैं । 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी लाए, 34 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने दूरभाष के माध्यम से विद्यालय प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन से वार्तालाप कर काफी उत्साह व्यक्त किया। प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने बताया की स्कूल ने वर्ष 2021 में शत – प्रतिशत परिणाम लाकर पूरे बरही अनुमंडल में रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल एक उच्चतम शिखर स्थापित किया था। जो कि इस क्षेत्र के लिए चूनौती था। इस बार भी कोविड का महामारी में बंद स्कूल के दरमियान भी स्कूल प्राचार्य एवं प्रबंधन ने तय किया कि विद्यार्थियों का मैट्रिक में अच्छा रिजल्ट प्राप्त हो इस बिंदु पर गहराई से लेते हुए अभिभावकों से ऑन – लाईन मीटिंग कर विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और सम्पूर्ण लॉक डाउन मे विद्यार्थियों ने पढ़ाई किया। तत्पशचात स्कूल में एक्स्ट्रा क्लास भी करवाया जाता था। प्राचार्य एवं प्रबंधन आने वाले दिन के लिए भी इस प्रकार का अच्छा रिजल्ट के लिए प्लानिंग कर चुके है। कक्षा दसवीं के लिए अध्यनरत शिक्षक प्राचार्य अनूप कुमार सिंह, सुभाशिस पैन, संजय रविदास, अलोक कुमार , प्रशांत कुमार को प्रबंधन ने धन्यवाद दिया । उक्त टॉपर विद्यार्थी को इस 15 अगस्त को प्राचार्य एवं प्रबन्धन द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा। इस सत्र से इस विद्यालय में प्लस टू की भी पढ़ाई होगी। प्राचार्य एवं प्रबंधन ने इन सभी शिक्षक सिमी सिंह, नविन कुमार, पवन कुमार, पंकज कुमार, नीरज कुमार, लक्ष्मी कुमारी, शारोन थोमास, रीता कुमारी, शिव पाठक, इंदु देवी, उषा देवी,मुजिबुर रहमान, सुनिल कुमार पांडे को सरहानीय बताया साथ ही साथ सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षकों को धन्यवाद दिया और विधार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का कामना कर बधाई दिया।

## सुब्रतो मुखर्जी कप के फाइनल मैच में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंदी की टीम रही विजयी

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**




चंदवारा : प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबoल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारोंजिया में खेला गया। फाइनल मैच का आयोजन प्रमुख मंजू देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अंडर 17 बालक वर्ग उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोंगी व उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंदी के बीच फाइनल मैच खेला गया। खेल में दोनों स्कूल की टीम बराबर रही। पेनाल्टी शूट में 1–0 से बेंदी की टीम विजयी हुई। मैच में निर्णायक की भूमिका अरविंद कुमार व संतोष कुमार ने निभाई। प्रतियो. गिता की विजयी टीम को प्रमुख मंजू देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी,शिक्षक दिलीप वर्णवाल,अरविंद कुमार, कुमुकला राजू,प्रदीप कुमार,मनोज कुमार पांडेय,सूरज सौरभ,सुनीता कुमारी,चन्दा देवी,मंजू कुमारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव आज

### चुनाव मैदान में 27 उम्मीदवार

हजारीबाग प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव शनिवार 23 जुलाई 2022 को शहर के कार्मेल चौक स्थित पैराडाइज रिसोर्ट में होगा चुनाव मैदान में 27 उम्मीदवार विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं हजारीबाग शहर और सभी प्रखंडों के रिपोर्टर मतदान में भाग लेंगे मतदान का समय सुबह 8:00 से 3:00 तक निर्धारित है मतदान के बाद मतों की गिनती होगी विजय उम्मीदवार को प्रमाण पत्र दिया जाएगा

**अध्यक्ष पद के लिए**

भोला सिंह गालिब सिद्धकी
उमेश प्रताप

**सचिव पद के लिए**

अमरकांत मिथिलेश मिश्र सुबोध मिश्रा

**उपाध्यक्ष पद के लिए**

अभय सिंह अभिषेक कुमार अशोक नाग दीपक कुमार उमेश राणा
संयुक्त सचिव के लिए अरविंद कुमार अविनाश अंजन देव नारायण प्रसाद .फलक शमीम महेश कुमार मेहता नवीन कुमार सिन्हा

**कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए**

अमूल्य चंद्र पांडे बबलू कुमार
मोहम्मद शमीम अहमद निरंजन कुमार
प्रमोद खंडेलवाल प्रमोद उपाध्याय रितेश कुमार
रोहित रंजन उर्फ कुणाल यादव संदीप कुमार सिन्हा









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चोर गिरोह का खुलासा चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में राजपुर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । कांड सं 53 / 22 में वांछित ,मो कुर्बान पिता स्व मौला बक्स, सा–सिमराडीह, थाना–राजपुर, जिला– चतरा निवासी अपने ससुर के मोटर साईकिल से अपने गोतिया अख्तर मियों के घर पर गये थे ।कि इसी बीच अज्ञात चोर द्वारा उक्त मोटर साईकिल की चोरी कर लिया गया, जिसके आधार पर प्रासंगिक कांड अंकित किया गया। उक्त कांड का उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, चतरा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये गुप्त सुचना के आधार प र प्रासंगिक कांड में चोरी गये मोटर साईकिल एवं कांड में प्रयुक्त मोटर साईकिल को बरामद किया गया ।तथा कांड में संलिप्त दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है ।. पकड़ाये गए लोगो मे बादल कुमार पिता प्रदीप प्रसाद केशरी, सा–कान्हाचट्टी, थाना–राजपुर, जिला– चतरा निवासी , मो एजाज पिता इदरीश मियाँ, सिम. राडीह, थाना–राजपुर, जिला–चतरा निवासी शामिल है। जप्त सामानों का विवरणी में चोरी गये मोटर साईकिल जे ए च 1 3 अ ा र 1 9 0 7 बोएक्सर सीटी कांड में प्रयुक्त मोटर साईकिल नं जेएच02ए एफ–6298 बरामद की गई है।छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों में पुअनि विकास पासवान, थाना प्रभारी राजपुर ,सअनि हरिनाथ उरoव, राजपुर थाना ,राजपुर थाना एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सुरेखा के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम, इशिका और बिट्टू बने स्कूल टॉपर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की ओर से लंबे इंतेज़ार के बाद कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परिणाम की खुशियों बच्चो के चेहरे पर साफ तौर पर दिखा। नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा सुरेखा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सफलता का परचम लहरा कर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉमर्स में इशिका जैन ने 95% व विज्ञान संकाय में बिट्टु राज ने 94% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए प्राचार्या रीना पांडेय ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कला, विज्ञान व कॉमर्स संकाय से कुल 52 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। 90ः से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में जयकान्त मिश्रा 94%, रिशिका राशि 93%, अभिशेक शेखर 92%, निखिल कुमार 92%, अंशु प्रिया 90% स्नेहिल राज, विवेक चन्द्रवंशी एवं सत्यम सिंह कुमार सहित अन्य। बच्चो की सफलता से उत्साहित संस्था सचिव गिरजा सतीश विद्यालय प्रबंधन व शिक्षको को बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद है कि आने वाले दिनों में स्कूल स्टेट टॉपर देगा। विद्यालय प्रबंधक गंदर्भ गौरव ने सफल बच्चो को भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि अब तक का सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम रहा है। सफल बच्चो को विद्यालय के शिक्षक इंद्रजीत शर्मा, आशीष पाण्डेय, सजीव रंजनलाल, नीतू कुमारी, मिथुन पान्डेय, अजीत पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, विकास कुमार, रविन्द्र केशरी, पवन कुमार, पुर्णिमा कुमारी, संध्या कुमारी, राकेश रंजन, विजय महतो आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।




## सोनिया–राहुल को ईडी द्वारा परेशान किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी एवं सांसद राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) द्वारा भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के इशारे पर बेवजह परेशान किए जाने के विरोध में, कांग्रेस जनों द्वारा पूरे देश में विरोध प्रदर्शन आयोजित की गई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे जी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर कोडरमा जिला के कांग्रेस जनों ने नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थल कोडरमा पर उपस्थित होकर एक दिवसीय सत्याग्रह विरोध प्रदर्शन कर भाजपा के मोदी सरकार के दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के वि. रोध में आवाज बुलंद किया। विरोध कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग कर भाजपा की मोदी सरकार देश में डर, झूठ एवं भ्रम पैदा कर जितना अधिक कांग्रेस को दबाने का प्रयास करती है कांग्रेस उतनी ही अधिक मजबूती से एकजुट होकर राष्ट्रहित में खड़ी होती है। सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, वरीय उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, उपाध्यक्ष आशीष पांडेय, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, महासचिव संजय सेठ ने संबोधित करते हुए कहा की आजादी के लडाई से लेकर देश के सर्वांगीण विकास में कांग्रेस पार्टी एवं गांधी नेहरू परिवार के योगदान को पूरा देश भुला नहीं सकता, जबकि देश के सभी सरक. ारी संस्थानों को बेचने वाली भाजपा सरकार कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगाने का असफल प्रयास कर रही है। सभा को संबो. धित करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी राम लखन सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह महासचिव राजकुमार यादव, जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, युवा नेता रवि शंकर यादव, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनंत कुमार मेहता, जिला महासचिव प्रदीप सिंह, जिला सचिव अरविंद सेठ, इंटक जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में भाजपा एवं आर एस एस के लोग अंग्रेजों की दलाली कर माफी मांगते थे आज अदानी, अंबानी की दलाली कर देश में बेरोजगारी एवं महंगाई के जनक बने बैठे हैं। ईडी के पास सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से बंद हो चुकी नेशनल हेराल्ड केश संबंधित पूछने को कोई सवाल ही नहीं है। विरोध कार्यक्रम को महिला जिलाध्यक्ष बेवी सिन्हा, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष लीलावती मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र पांडेय, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास सहित अन्य वक्ताओ ने भी संबोधित किया जबकि वि. रोध कार्यक्रम में मुख्य रूप से असंगठित कामगार प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान, जिला महासचिव धीरज कुमार, इंटक जिलाध्यक्ष अरुण यादव, युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम, सुषमा पांडेय, मन्ना राम, का॰ अध्यक्ष सरोज मेहता, महाप्रसाद गोस्वामी, नगर पंचायत कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र राम, बबलू तिवारी सरोवर कुमार, केदारनाथ मेहता, कैलाश सिंह, कोडरमा प्रखंड प्रभारी रंजीत सिंह, बाल गोविंद पांडेय, महताब आलम असंगठित कामगार जिला अध्यक्ष रोहित गिरी, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र कुमार, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय उपाध्यक्ष प्रवेश कुमार सिन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी नागेश्वर राम ने किया।




APEM LIVE

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# चोपदार बलिया पंचायत में धोती,साडी लुंगी का वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत के पंचायत भवन मे प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता में सोना –सोबरन योजना के तहत राशन कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी लुंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख फुलवा देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, उप मुखिया राजू कुमार मेहता, के हाथों लाभुकों को धोती साड़ी एवं लूंगी दिया गया। मौके प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत सभी लाभुकों को 10–10 रूपये में धोती साड़ी दी जा रही है ।इस मौके पर मुख्य रूप प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी, उप मुखिया राजू कुमार मेहता, पंचायत के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मोहम्मद सलीम, शशि भूषण कुमार, रामा नायक, मोहम्मद जफीर, रातरानी महिला मंडल बुद्धि नाथ महतो, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य छोटे खान, संजर हुसैन ,मोहम्मद फारुख, बिरेंद्र कुमार, संतोष नायक, प्रदीप राम, प्रकाश प्रजापति, शोले नायक, अमृत रजक, श्याम रजक ,सोनी देवी, के अलावे अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

# केंदुआ स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन, चौपारण प्रमुख हुई सम्मिलित

## शिक्षकगण संसाधनों का उपयोग कर, स्कूली बच्चों को दे बेहतर शिक्षा : पूर्णिमा देवी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



मध्य विद्यालय केंदुआ में स्कूली शिक्षको व प्रबंधन समिति द्वारा पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान व आठवीं के बच्चो को के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रखण्ड प्रमुख पूर्णिमा देवी उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक रामवतार प्रजापति ने किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राम, प्रेमलता कुमारी व शिक्षक गौतम सागर, शान्ती कुमारी ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा आठवी के बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दिया। प्रमुख ने कहा कि सरकारी विद्यालय में ज्यादातर गरीब के बच्चे पढ़ते है। शिक्षको से आग्रह किया कि आप विद्यालय के सीमित संसाधनों का उपयोग कर बच्चो को बेहतर शिक्षा दे। बच्चो का भविष्य आपके हाथों में है। इससे पूर्व स्कूल के शिक्षको ने स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्त युगल ठाकुर व समस्त वार्ड सदस्यों को श०ल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साहू, कमल यादव, मधु यादव, मीना देवी, सुरेंद्र पंडित, टुकन साव, रोमियो राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# साहु समाज भवन गिरिडीह में भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सम्मेलन सम्पन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

साहु समाज भवन गिरिडीह में भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सम्मेलन सम्पन्न रिपोर्टर –बजरंगी महतो गिरिडीह शहर के हुट्टी बाजार के समीप स्थित साहू समाज भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम एलआइसी हजारीबाग उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के रुप में मैनेजर सीएलआइए जीवन कुमार हजारीबाग, प्रोडक्ट मैनेजर संजय श्रीवास्तव हजारीबाग, एसबीएम एसएस चौधरी गिरिडीह व बीएम सेल्स सुमित गुप्ता मौजुद थे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी मंचासिन अतिथियों के मान सम्मान (बुके देकर) किया गया। आज के इस कार्यक्रम में एलआइसी के सभी 32पॉलिसियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यूलिप प्लान और हेल्थ इंश्योरेंस प्लान पर विशेष प्रकाश डाला गया। एलआइसी के सभी अभि. कर्ताओं से पॉलिसी अ०नलाइन सिस्टम आनंदा द्वारा करने पर विशेष जोर दिया गया। कहा गया कि जिसको प०लिसी बेचना है अगर उसका आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक किया हुआ है तो उसे आनंदा द्वारा पॉलिसी बेचें। बारी बारी से सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कई अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया पुरस्कार देकर। गिरिडीह एलआइसी ऑफिस शाखा में संगठित सशक्त लियाफी के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम एलआइसी हजारीबाग को आठ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। आज के इस कार्यक्रम में दुलारचंद यादव, उमाकांत वाजपेई, जगदीश कुमार, ईश्वर वर्मा, शिवशंकर वर्मा, अशोक गुप्ता, शिबू वर्मा, दीपक वर्मा, प्रदीप साव, कृष्णमुरारी सिंह, आदित्य पांडेय, संतोष साहु, अजीत कुमार गुप्ता (बरबिघैया), जितेंद्र कुमार वर्मा ,एलआइसी कर्मी सुनील वर्मा सहित सैकड़ो अभिकर्ता मौजूद थे।

# मानगढ़ में कृषि गोष्टि का आयोजन, किसानों को किया गया जागरूक, रवि फसल पर जोर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



मानगढ़ पंचायत के ढूठी में आत्मा हजारीबाग द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य रूप से अभी के वर्तमान खरीफ मौसम को देखते हुए संभावित सूखे की उत्पन्न स्थिति में किसान बंधु को जागरूक करते हुए उन्हें बताया गया की धान फसल के लिए सूखा रोधी प्रभेद ,प्ट 64 ,सहभागी, बिरसा सुगंधा ,वंदना ,अंजलि प्रभेद को छिट्कावा विधि से बुआई किया जाय। यह सभी कम अवधि के बीज से उपज प्राप्त कर सकते हैं । अगर ऐसी स्थिति आगे भी रही और वर्षापात नही होता है, तो 31 जुलाई तक किसान मूंग, उरद,अरहर, कुलथी ,मक्का ,सुरगुजा तथा 15 अगस्त तक मडुवा (रागी), फसल लगाने की सलाह दी गई। किसानों को इंटरक्रॉपिंग पद्धति से खेती करने की सलाह दी गई साथ ही प्राकृतिक ढंग से मल्चिंग लगाने ,टपक सिंचाई प्रणाली इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई ।गोष्ठी में उपस्थित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का 20 फ०र्म भराया गया। ब्ल०क चौन टेक्नोल०जी सिस्टम के माध्यम से किसानों का कुल 29 रजिस्ट्रेशन किया गया तथा किसानों से रबी फसल का डिमांड लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मानगढ़ पंचायत के मुखिया द्वारा किया गया ।बैठक का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, राकेश कुमार ने किया,उप मुखिया राज कुमार भुइया, पंचायत समिति जनार्दन सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकरी, मुकुंद हंस, एवम जनसेवक जयप्रकाशनारायण ,अशोक कुमार आदि उपस्थित हुए।










डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कुशवाहा संघ गिरिडीह नगर इकाई का पुनर्गठन संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गुरुवार 21जुलाई 2022को कुशवाहा संघ गिरिडीह के निर्देश पर कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह गिरिडीह परिसर में नगर कमिटी का पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई आज के बैठक में बतौर चुनाव प्रभारी रामदेव प्रसाद वर्मा व पर्यवेक्षक डॉक्टर शशिभूषण प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बसंत कुमार वर्मा ने किया। आज के इस बैठक में शामिल हुए सभी कुशवाहा समाज के गणमान्य और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में नगर इकाई गठित की गई जो निम्नवात है :- नगर कमिटी संरक्षकडॉक्टर कुलदीप नारायण (नेत्र चिकित्सक), अध्यक्षबसंत कुमार (अधिवक्ता), मंत्रीहरिनंदन कुमार, सह मंत्रीमनोज मौर्या, कोषाध्यक्षबसंत कुमार (शिक्षक), उपाध्यक्षरमेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, महेंद्र कुमार वर्मा, रामचंद्र प्रसाद वर्मा, सहमंत्रीराजनारायण वर्मा, रामचंद्र प्रसाद (शिक्षक), कैलाशपति वर्मा, संगठन मंत्रीरीतलाल प्रसाद वर्मा, मिडिया प्रभारीमुन्ना कुशवाहा (शिक्षक), महिला प्रमुखरिंकू वर्मा, कार्यालय प्रमुखरामदेव प्रसाद वर्मा, यूवा प्रमुखविकास कुमार, छात्र प्रमुख-दिनेश कुमार और कार्यकरिणी सदस्य के पद पर लक्ष्मण प्रसाद, अर्जुन प्रसाद वर्मा, बासुदेव महतो अरविंद महतो, सत्यनारायण प्रसाद वर्मा, बीरेंद्र कुमार वर्मा, शिवन. न्दन प्रसाद वर्मा, गजेंद्र प्रसाद वर्मा, उमादेव वर्मा का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

## बेंगाबाद प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर किसान महासभा का धरना





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत बेंगाबाद प्रखंड सुखाड़ की चपेट में है इस वर्ष धान खेती को लेकर किसानों की आस मर चुकी है। उनके धान के बिचड़े लगभग सूख चुके हैं। खेती शुरू नहीं हो पाने के कारण ग्रामीण खेत मजदूरों का भी बुरा हाल है। उन्हें हर वर्ष खेती के दिनों में मिलने वाले रोजगार के लाले पड़े हुए हैं। सूबे की सरकार को इसका संज्ञान लेकर तत्काल ही बेंगाबाद प्रखंड सहित चपेट में आए गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य शुरू कर देना चाहिए। उक्त बातें अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह माले नेता राजेश यादव ने आज बेंगाबाद प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कही। भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, आज तक की किसी भी सरकार ने किसानों की बुनियादी समस्याओं के तहत सिंचाई पर ध्यान नहीं दिया, जिस कारण प्राकृतिक वर्षा में थोड़ी भी अनियमितता होने से ही सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने तत्काल ही प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानों को राहत देने समेत ग्रामीण मजदूरों के लिए मजदूरी दर प्रति दिन 600 निर्धारित करते हुए मनरेगा तथा अतिरिक्त रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं को शुरू करने की मांग की। साथ ही, किसानों एवं ग्रामीण गरीबों के ऊपर बकाया बिजली बिलों को माफ करने तथा एस.एच.जी से ऋण लेने वाली महिलाओं का ऋण माफ करने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम बेंगाबाद के प्रखंड विकास पदाधिक. ारी के माध्यम से एक 5 सूत्री ज्ञापन देकर यह ऐलान किया गया कि, यदि जनहित के उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो एक पखवारे के बाद पुनः बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम की अगुवाई अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड संयोजक सुखदेव गोस्वामी ने की, जबकि कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा शिवनंदन यादव, फोदार सिंह, शंभु ठाकुर, रामलाल मंडल, रामलाल मुर्मू, महेश वर्मा, प्रदीप यादव, कमरुद्दीन अंसारी, महेंद्र साव, अजय हेंब्रम, चंद्रिका दास, मंजू देवी, बिसनी देवी, गुंजरी देवी, मालती देवी, हरखी देवी, कुंती देवी, कुसमी देवी, तासा देवी, सुनीता कुमारी, धीना मुर्मू, सुजीता देवी, बालेश्वर साह, महादेव महतो, सलामत अंसारी, भुदाली पंडित, जयनारायण सिंह, लखेश्वर राणा, डीलचंद कुमार, विनोद यादव, मनोज कुमार सिंह, इंद्रदेव दास, नरेश दास, अजय दास आदि मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण हेतू समाज के हर वर्ग को आगे आने की है जरूरत : बुगुन राम

### आदर्श फाउंडेशन सार्वजनिक जगहों पर 2100 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाने के साथ – साथ उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करवाएगी





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : ग्राम पंचायत गावां एवं आदर्श फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत मुखिया संघ, गावां के अध्यक्ष बुगुन राम एवं आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी के द्वारा 8 छायादार वृक्ष लगाते हुए सुरक्षा के इंतजाम भी किये गए। गावां मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष बुगुन राम ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनियां भर के देश चिंतित हैं, हम सभी को वृक्षारोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है। सिर्फ सोचने और कागज पर रूट चार्ट बनाने से काम नहीं चलेगा, हर व्यक्ति साल में एक वृक्ष लगाए और उसकी सुरक्षा की जवाबदेही ले तो पर्यावरण के संकट से राहत मिलेगी। आदर्श फाउंडेशन की सार्थक पहल एवं वृक्षारोपण को लेकर प्रखण्ड स्तर पर चलाये जा रहे अभियान का ग्राम पंचायत गावां समर्थन करती है। हम गावां प्रखण्ड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों से अपील करते हैं कि वृक्षारोपण अभियान में आदर्श फाउंडेशन को भरपूर सहयोग करें। सामाजिक कार्यकर्ता सह आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सभी सार्वजनिक जगहों पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाने के साथ -साथ उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करवाना है इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आने का वक्त आ गया है। वन विभाग गावां द्वारा सैकड़ो छायादार पौधे आदर्श फाउंडेशन को उपलब्ध करवाये गए हैं, जनमानस द्वारा भी फलदार वृक्ष डोनेट किये जा रहे है, जनता जनार्दन से भी हम वृक्ष डोनेट करने की अपील करते हैं। वृक्षारोपण अभियान में मुखिया संघ गावां के अध्यक्ष बुगुन राम, आदर्श फाउंडेशन के सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप कुमार, भोला रविदास और सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।

## बिरनी के सभा भवन में आपूर्ति पदाधिकारी, डीलर एवम पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी मुख्यालय के सभा भवन में शुक्रवार को आपूर्ति पदाधिकारी डीलर और पंचायत समिति सदस्यों के बीच एक बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रामु बैठा और जबकि संचालन उपप्रमुख शेखर सुमन ने किया। बैठक में जनवितरण दुकानदारों की समस्याओ को सुना गया और प्रमुख उपप्रमुख के द्वारा निर्देशित किया गया की डीलरो के द्वारा फिंगर एडवांस लिया जा रहा है। उस राशन का वितरण कराना सुनिश्चित किजिए। साथ ही तमाम दुकानो को पिंक रंग से रगाई किजिए। ईपोश मशीन से प्रचि नही मिलने के सवाल पर प्रमुख उपप्रमुख ने निर्देशित किया की सभी कार्डधारियों के पास एक रजिस्टर उपलब्ध कराया जाए और रजिस्टर में अंकित किया जाए की किस माह का राशन वितरण किया जा रहा है। साथ ही गोदाम से डोर स्टेप डिलेवरी के सवाल पर निर्देशित किया गया है कि गोदाम से डोर स्टेप डिलेवरी बिरनी के पुर्वी भाग और पश्चिम भाग में एक साथ राशन पहुंचाया जाए। वही प्रमुख उपप्रमुख ने कहा कि बिरनी में बदलाव लाना है बदलाव नही दिखा तो निश्चित कारवाई होगी।।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चोरट मध्य विद्यालय में मध्यााी भोजन में सचिव और अध्यक्ष के मनमानी से क्षुब्ध हैं बच्चे

### प्रतिपूर्ति के राशि मे दोनो मिलकर कर रहे हैं बंदरबांट






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :- चतरा जिले में शिक्षा विभाग में जमकर लूट मची हुई है, इस लूट में ग्राम शिक्षा समिति से लेकर सचिव एवं कई प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं। जहां केंद्र और राज्य सरकार सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपाय एवं तरह-तरह के योजनाएं चला रहे हैं।करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहे हैं ताकि विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़े और पढ़ाई गुणवत्ता पूर्ण हो। लेकिन कान्हाचट्टी प्रखंड में शिक्षा विभाग में इन दिनों अजब गजब की खेल देखने को मिल रहा है। शिक्षा विभाग से ही संबंधित एक मामला प्रखंड के चोरट मध्य विद्यालय में शुक्रवार को देखने को मिला। शुक्रवार को विद्यालय के सचिव कमलेश दास एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनीता देवी के द्वारा बच्चों को कोविड-19 के दौरान मध्यान भोजन की राशि का वितरण किया जा रहा था।जिसमें बच्चों ने अपने अभिभावकों से जितनी राशि मिलनी चाहिए उतनी राशि नहीं मिलने की शिकायत किए। ग्रामीणों ने जब इसका हस्तक्षेप विद्यालय में जाकर किया एवं विद्यालय के सचिव व अध्यक्ष से बात किया तो अध्यक्ष एवं सचिव ने कहां की बच्चों को दिए जाने वाले राशि में से ही कुछ अलग से विद्यालय के लिए भी खर्च निकाला जा रहा है। एक से 5 वर्ग के बच्चों को जहां सरकार के द्वारा प्रतिदिन 4. 97 पैसे की दर से एवं छह से आ. ठवीं क्लास तक के बच्चों को 7 45 पैसे कि दर से राशि का वितरण करना है ।जिसमें कुल मिलाकर एक से पांचवी क्लास तक के बच्चों को लगभग 1800 एवं छह से आठवीं क्लास तक के बच्चों को लगभग 2700 का वितरण करना है जबकि विद्यालय के सचिव कमलेश दास एवं अध्यक्ष अनीता देवी के मनमानी रवैया से बच्चो को कम राशि दी जा रही है।प्रत्येक बच्चो को दी जाने वाली राशि मे से एक से दो सौ तक कम राशि का वितरण किया जा रहा था।ग्रामीणों ने कहा कि इतना ही नहीं यह केवल प्रतिपूर्ति की राशि में ही विद्यालय में घोटाला नहीं है बल्कि वर्तमान में मध्यान्ह भोजन में भी कटौती की जा रही है। बच्चों ने बताया कि प्रत्येक दिन 5 से 10 बच्चों को भोजन नहीं दिया जाता है जिसके कारण बच्चे विद्यालय से निराश होकर बगैर भोजन किए भूखे पेट वापस घर लौटते हैं। वही 18 जुलाई को विद्यालय के सचिव एवं अध्यक्ष के ला. परवाही के कारण बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं मिला 18 जुलाई को भी अभिभावकों ने विद्यालय में जमकर हो हल्ला किया था। इधर विद्यालय के सचिव कमलेश दास से बात करने पर उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालय के आपसी विवाद के कारण मध्यान भोजन 18 जुलाई को नहीं बना और बच्चे भूखे रहे। लेकिन ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर विद्यालय में विवाद हो और बच्चे भूखे रहें यह कहां का नियम है।ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से जांच कर बच्चो को प्रत्येक दिन भोजन और प्रतिपूर्ति की जो उचित राशि है उसे मुहैया करवाने की मांग की है।शुक्रवार को विद्यलाय के बच्चे सोनी कुमारी,प्रीति कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, आयुष कुमार एवं आर्यन कुमार को भोजन नसीब नहीं हुआ। कुमारी,विशाखा कुमारी,इधर ग्रामीणों ने कहा है कि विद्यालय के खराब रवैये एवं पढ़ाई ठीक ठाक नहीं होने के कारण कई बच्चो चोरट स्कूल से भाग कर दुसरे विद्यालय में जा रहे हैं।

क्या कहते हैं डी एस सी :- इस बाबत डी एस सी जितेंद्र कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि यदि सचिव 18 जुलाई को मध्याह्न भोजन नहीं बनवाया है तो उसे बच्चो को उस दिन का भरपाई करना होगा,तथा प्रतिपूर्ति की राशि कम दे रहा है तो जांच के बाद कावाई कि जाएगी।

## द्रौपदी मुर्मू की जीत पर आदिवासी समाज मे जश्न

### ढोल, मांदर के साथ झूमे और बांटी मिठाई


**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल विष्णुगढ प्रखण्ड का सघन दौरा किया। आजादी के 75 वर्षों के बाद देश की पहली आदिवासी समुदाय से श्रीमति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति चुनी गई इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाते हुए, खुशियों के पल एक दूसरे से बांटे गए। आदिवासी समुदाय ने भी विधायक का स्वागत किया। इस ऐतिहासिक पल को कोई अपने हाथों से जाने नही देना चाह रहे थे। आदिवासी युवक युवती अपने पारम्परिक वाद्ययन्त्रों ढोल ,नगाड़े मांदर की थाप में झूम रहे थे। सभी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। माण्डू विधायक ने आदिवासियों संग प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों चानो आदिवासी टोला,पंडवा पोखर एवं बेडा हरियारा के ग्राम कुदराखो आदिवासी टोला में भी इसी तरह से लोग नाच गाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर द्रौपदी मुर्मू को जीत की बधाई दी। माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने इस ऐतिहासिक क्षण को जीते हुए संग प्रखण्ड के कई गाँवों में अँधियारे को दूर करते हुए चानो में ट्रांसफार्मर, चानो के एक आदिवासी टोला में 16 केबी से बढ़ाकर 63 केबी का ट्रांसफार्मर एवं बेड़ा हरियारा के पारटांड में 100 केबी का ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्धघाटन उनके शुभ हाथों से किया गया। विधायक से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू की जीत आत्म. संतुष्टि का दिन है। भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी के सहयोग से पूरे देशवासियों एवं आदिवासी समाज को गौरान्वित होने का अवसर प्रदान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करती है ,जिसमे एक साधारण कार्यकर्ता भी देश के उच्च पद पर आसीन हो सकता है द्रौपदी मुर्मू भी एक साधारण कार्यकर्ता से आज राष्ट्रपति बनी। आज द्रौपदी मुर्मू की जीत से पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। मैं अपनी तरफ से समस्त माण्डू विधानसभावासियों को इस जीत हार्दिक बधाई देता हूँ । मौके पर माण्डू विधायक की धर्म पत्नी ललिता देवी, विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, प्यारी राम, संतोष कुमार महतो, मंत्री निर्मल कुमार, राजेश सोनी, हरि यादव, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, सीमा देवी, अनुजनजाति मंडल अध्यक्ष मोहन हांसदा, अनुजाति मोर्चा महामंत्री दीपक रजक, महेंद्र कुमार महतो, बेड़ा हरियारा मुखिया रामचंद्र यादव, अशोक भाई पटेल, दशरथ महतो, मनोज यादव, राजेश यादव, मथुरा माँझी, संजय कुमार बबलू, बिसुन पंडित, राजेश यादव, मनोज यादव, राहुल कुमार गुप्ता, सचिन सिंह, रंजीत यादव, किशोर यादव, लूटन महतो, मिठू यादव, तुलसी राणा, राजेश यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, पंकज यादव, विजय यादव, सुनील यादव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।


जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता

## राशन कार्डधारियों ने जमकर काटा बवाल डीलर के खिलाफ़





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित पालमो पंचायत के गंभरा और पालमो गांव के सैकड़ो महिला पुरुष राशन कार्डधारियों ने गोलबंद होकर राशन डीलर के खिलाफ़ जमकर नारेबाजी किया। राशन कार्डधारियों ने राशन डीलर के खिलाफ़ कई गंभीर आरोप लगाते हुए मीडिया को बताया कि पालमो पंचायत के वार्ड नंबर 04के राशन डीलर मां जगदम्बा महिला सेल्फ ग्रुप पालमो और वार्ड नंबर 05के राशन डीलर राजूराम केशरी लगातार तीन महिने से एक ही बार राशन देता है उसमे भी अनाज कम तौल कर देता है, पाश मशीन में दो से तीन बार अंगूठा लगवाकर एक ही बार का राशन देता है, बगैर राशन दिए राशन कार्ड में एंट्री कर देता है, दोनो ही डीलर कार्डधारियों से छुआछूत कहकर दूर रहने को कहता है, राशन डीलर का राशन वितरण प्रणाली दूकान दूर होने के कारण कार्डधारियों को काफी परेशानी होती है। राशन कार्डधारीयों का ज़िला प्रशासन से मांग है कि अविलंब दोनों डीलरो के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हुए गबन किए गए राशन को दिलवाने की मांग किया है। एक कार्डधारी के राशन कार्ड में अगस्त 2022तक का राशन उठाव दिखा दिया गया है। इस विषय पर जब राशन डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारियों का आरोप बेबुनियाद और निराधार है। कार्ड धारियों के द्वारा लगाए गए आरोप जांच का विषय है, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह उचित जांच पड़ताल कर दोषी पाए जाने वाले राशन डीलर के खिलाफ़ विधि सम्मत कार्यवाही करे ताकि सभी राशन कार्ड धारियों को उनके हिस्से का राशन समय पर पर्याप्त मात्रा में मिल सके। आज के इस कार्यक्रम में हेमंती देवी, मालती देवी, फूलो देवी, चंद्रिका देवी, रीना देवी, रिंकी देवी बेबी देवी, चंदवा देवी, टीपनी देवी, ललिता देवी, यशोदा देवी, बसंती देवी, कलावती देवी, शोभा देवी, उर्मिला देवी, राजेंद्र दास, केशो दास, वकील दास, तालेवर दास, मुकेश रवानी, गुरुप्रसाद रवानी गुरदयाल पंडित, रामेश्वर पंडित, भुनेश्वर तुरी, जागेश्वर तुरी, वार्ड नंबर 04के वार्ड सदस्य बुचो दास, और वार्ड नंबर05के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह समेत सैकड़ो कार्डधारी मौजुद थे।

## गिरिडीह उपायुक्त ने उद्यान पदाधिकारी गिरिडीह से मांगा स्पष्टीकरण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह राजद इकाई अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा की शिकायत पर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने त्वरित पहल करते हुए गिरिडीह जिला उद्यान पदाधिकारी से पत्र प्रेषित कर स्पष्टीकरण मांगा है। बता दें कि राजद नेता देवानंद हाजरा ने बीते शनिवार एवं सोमवार को उद्यान कार्यालय बंद होने की शिकायत उपायुक्त से की थी । इसको संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने पत्रांक संख्या 1158 दिनांक 19 जुलाई को पत्र जारी कर जिला उद्यान पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह से स्पष्टीकरण मांगा है बताते चलें कि जिला उद्यान कार्यालय से इन दिनों कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य जिले में किसानों को खेती के लिए आवेदन आमंत्रित की गई थी लेकिन कार्यालय में लगातार बंद रहने की वजह से किसानों को काफी परेशानी हो रही थी । इसी मामले को लेकर राजद नेता ने उपायुक्त से किसानों के हित में पहल करने की मांग को लेकर शिकायत किया । उपायुक्त के इस पहल को राजद नेताओं ने स्वागत किया है वहीं नेताओं का कहना है कि पदाधिकारी अगर इसी तरह सजग रहेंगे तो निश्चित रूप से विकास का कार्य एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा । उपायुक्त के इस वहल पर आम जनता में भी काफी उत्साह है ।






APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बाल दुर्व्यापार विरोधी जन जागरूकता अभियान रथ का गिरिडीह उपायुक्त ने किया स्वागत






**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**

बाल शोषण से मुक्ति हेतु खासकर बाल श्रम और बाल तस्करी (ट्रैफिकिंग) के प्रति गिरिडीह जिले में आम जन मानस को जागरूक करने के उद्देश्य से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन, जिला प्रशासन तथा आरपीएफ के संयुक्त तत्वावधान में यह जागरूकता रथ चलाई जा रही है। गिरिडीह जिले में जिला उपायुक्त कार्यालय से प्रारंभ होकर यह जिले के माइका (अभ्रक) क्षेत्रों में खासकर तिसरी और गांवा प्रखंड के 150 से अधिक गांवों तक यह रथ यात्रा पहुंच कर, रैली, नुक्कड़ नाटक, गीत, जन चौपाल और पर्चा वितरण के माध्यम से लोगों को ट्रैफिकिंग के प्रति जागरूक करेगी। विदित हो कि यह जागरूकता रथ कोडरमा में 18 जुलाई से 21 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम चलाकर गिरिडीह जिले में पहुंची है, इसी क्रम में आज जिला समाहरणालय गिरिडीह में इस रथयात्रा का गिरिडीह जिला उपायुक्त महोदय श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने स्वागत किया तथा जिले में बाल दुर्व्यापार जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर जिले में जन जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ यात्रा कारवां में तब्दील होते हुए , गिरिडीह के सर जे सी बोस बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां रथयात्रा का विद्यालय प्राचार्य एवं बच्चों ने भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम के पश्चात रथयात्रा जमुआ होते हुए तिसरी प्रखंड और गांवा प्रखंड क्षेत्रों में जनजागरुकता हेतु रवाना हो गई। इस कार्यक्रम के दौरान जिला उपायुक्त, गिरिडीह ने कहा कि , नोबेल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी जी के द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत जिले में बाल तस्करी के मुद्दे पर जिला प्रशासन के साथ किया जा रहा यह संयुक्त पहल असरदार साबित हो, खासकर तिसरी और गांवा जैसे दूर दराज क्षेत्रों में जहां आए दिन ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती रहती है। यह पहल बढ़िया है सभी को मिलकर जनजागरुकता कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। गिरिडीह प्रशासन हर समय सहयोग के लिए तत्पर है। मिलकर बाल तस्करी के गिरोह की कमर तोड़नी है तथा बाल शोषण/बाल दुर्व्यापार मुक्त जिला बनाना है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के परियोजना पदाधिकारी गोविंद खनाल ने बताया कि, आए दिन तिसरी क्षेत्र में बाल व्यापार से जुड़ी समस्याएं आती ही रहती हैं। पिछले एक माह में त्व्थ के सहयोग से 17 बच्चों को तस्करों से मुक्त कराया गया है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन आरपीएफ के साथ मिलकर पूरे देश में यह अभियान चला रही है। झारखंड के कोडरमा और गिरिडीह जिले में जिला प्रशासन का सहयोग मिलने से इस अभियान को काफी बल मिलेगा। मिलकर हमें बाल श्रम, बाल दुर्व्यापार जैसे बाल शोषण से मुक्त जिला बनाने का प्रयास करना है। अभ्रक क्षेत्रों में खासकर अतिसुदुरवर्ती क्षेत्रों को बाल तस्कर अपना शिकार भोले भाले आदिवासी परिवारों को बनाते हैं। मेरा आह्वान है कि गिरिडीह को हर प्रकार के बाल शोषण से मुक्त जिला बनाने में सभी हमारी मदद करें इस जागरूकता अभियान को सभी अपना भरपूर समर्थन प्रदान करते हुए मिलकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। साथ ही इस अभियान के पश्चात कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन तिसरी और गांवा के विभिन्न क्षेत्रों में क०र्नर कैंप लगाकर ट्रैफिकिंग से जुड़े मुद्दों की पहचान कर जिला प्रशासन के साथ मिलकर ज्ञात मुद्दों पर आवश्यक पहल करने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त,गिरिडीह, अपर समाहर्ता, गिरिडीह, नजारत उप समाहर्ता, गिरिडीह तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिक. ारी, नीति आयोग सह बीबीए समन्वयक अंजली बिन सिकदर सहित आरपीएफ के जवान, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के कार्यकर्ता सुबीर र०य, सुरेंद्र पंडित, मनोज कुमार, संदीप नयन, राजू सिंह, अमित कुमार, छोटेलाल और गुफसाना प्रवीण, इंकज, जान्हवी, सबीना उपस्थित थे

## साहु समाज भवन गिरिडीह में भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सम्मेलन सम्पन्न






**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**

गिरिडीह शहर के हुट्टी बाजार के समीप स्थित साहू समाज भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम एलआइसी हजारीबाग उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के रुप में मैनेजर सीएलआइए जीवन कुमार हजारीबाग, प्रोडक्ट मैनेजर संजय श्रीवास्तव हजारीबाग, एसबीएम एसएस चौधरी गिरिडीह व बीएम सेल्स सुमित गुप्ता मौजुद थे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी मंचासिन अतिथियों के मान सम्मान (बुके देकर) किया गया। आज के इस कार्यक्रम में एलआइसी के सभी 32पॉलिसियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यूलिप प्लान और हेल्थ इंश्योरेंस प्लान पर विशेष प्रकाश डाला गया। एलआइसी के सभी अभि. कर्ताओं से पॉलिसी ऑनलाइन सिस्टम आनंदा द्वारा करने पर विशेष जोर दिया गया। कहा गया कि जिसको प०लिसी बेचना है अगर उसका आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक किया हुआ है तो उसे आनंदा द्वारा पॉलिसी बेचें। बारी बारी से सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कई अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया पुरस्कार देकर। गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा में संगठित सशक्त लियाफी के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम एलआइसी हजारीबाग को आठ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। आज के इस कार्यक्रम में दुलारचंद यादव, उमाकांत वाजपेई, जगदीश कुमार, ईश्वर वर्मा, शिवशंकर वर्मा, अशोक गुप्ता, शिबू वर्मा, दीपक वर्मा, प्रदीप साव, कृष्णमुरारी सिंह, आदित्य पांडेय, संतोष साहु, अजीत कुमार गुप्ता (बरबिघैया), जितेंद्र कुमार वर्मा, एलआइसी कर्मी सुनील वर्मा सहित सैकड़ो अभिकर्ता मौजूद थे।

## सुब्रतो मुखर्जॉ कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**

पर्यटन कला – संस्कृति एवं खेलकूद युवाकार्य विभाग, झारखंड रांची के अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटब०ल प्रतियोगिता 2022–23 का शुभारंभ, गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह में किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन कर्ता जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन गिरिडीह के द्वारा जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटब०ल मैच का आयोजन किया गया है। सुब्रतो मुखर्जी कप फुटब०ल प्रतियोगिता 2022 – 23 का शुभारंभ मुख्य अतिथि, उपायुक्त, गिरिडीह, विशिष्ट अतिथि, अपर समाहर्ता, गिरिडीह, अन्य अतिथि, सिविल सर्जन, गिरिडीह, नजारत उप समाहर्ता, गिरिडीह, तथा श्री गुलाम रब्बान, सचिव झारखंड फुटबॉल संघ के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथि, उपायुक्त के द्वारा फुटबॉल किक कर किया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा सभी खिलाड़ियों से खेल प्रारंभ होने के दौरान शत प्रतिशत प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया, उपायुक्त, गिरिडीह ने बताया कि खेल को वे अपने जीवन में विशेष महत्व देते हैं और खेल के द्वारा अपने आप को तंदुरुस्त रखते हैं।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में पहला मैच उ0 वि0 पचंबा गिरिडीह एवं +2उ0 वि0 बेंगाबाद के दौरान खेला गया, +2उ0 वि0 बेंगाबाद की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी टीम को स्कोर 4 – 0 से शिकस्त देते हुए विजय प्राप्त की। दूसरा मैच संत जॉन ब्रिटो उ0 वि0, गांडेय एवं प्रो0 बालिका उ0 वि0 पीरटांड़ के बीच खेला गया, मैच के अंत में संत ज०न ब्रिटो उ0 वि0, गांडेय ने स्कोर 4 – 1 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच उ0 उ0 वि0 खरीयोडीह, जमुआ एवं उ0 उ0 वि0 गलागी, डुमरी बीच खेला गया। जिसमें उ0 उ0 वि0 खरीयोडीह, जमुआ को स्कोर 1–0 से विजयी घोषित किया गया एवं प्रथम दिन का अंतिम मैच उ0 उ0 वि0 टुकटुको, बगोदर एवं अग्रवाला उच्च विद्यालय तीसरी के बीच खेला गया, अग्रवाला उच्च विद्यालय तीसरी ने 3– 0 का स्कोर करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता मैच के दौरान ।जिला खेल पदाधिक. ारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## चोरट गांव से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

### क्षेत्र में अच्छी बारिश के कामना के लिए बाबा से करेंगे विनती :–बब्लू

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी :– प्रखण्ड के चोरट एवं सिमरडीह से लगभग डेढ़ दर्जन कांवरियों का जत्था बाबा भोले को जलार्पण को लेकर शुक्रवार को रवाना हुए ।देवघर भोले बाबा के जलार्पण को लेकर हम सभी सुल्तानगंज से जल भर कर देवघर के लिए रवाना होंगे ।टीम में शामिल बबलू विश्वकर्मा ने कहा कि हमलोग बाबा भोले नाथ से क्षेत्र में वर्षा की कामना के लिए जा रहे हैं ।भगवान भोले नाथ हम सबो के लिए जरूर वर्षा करवाएंगे ।मौके पर बबलू विश्वकर्मा, डब्लू विश्वकर्मा ,विजेंदर राणा, उर्मिला द्रवी सुनीता देवी,विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डुमरी बाराबागी के राजकुमार पांडेय ने सी बी एस सी दशवीं की परीक्षा में विज्ञान में 100 में 100 नम्बर लेकर बना मिशन टॉप

### कान्हाचट्टी के सेवा निर्वित सी आई के भतीजे हैं राजकुमार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– कहते हैं कि यदि इच्छा हो तो पहाड़ पर रहकर भी अच्छी सफलता हासिल की जा सकती है। मेहनत करने वालों के लिए कहीं भी रहकर मेहनत कर अपनी सफलता की नींव रख सकते हैं ।जी ऐसा ही कर दिखाया है कान्हाचट्टी प्रखंड के डूमरी बारागाबी गांव के राजकुमार पांडे ने ।राजकुमार पांडे सी बी एस सी दसवीं की परीक्षा में मिशन स्कूल चतरा टॉप कर प्रखंड का नाम रोशन किया है ।राजकुमार ने विज्ञान में 100 में से 100 अंक लाकर विद्यालय ट०प किया। राजकुमार डुमरी बारागाबी के रोजगार सेवक रंजीत पांडे के पुत्र एवं कान्हा चट्टी के पूर्व सी आई शशिकांत पांडे के भतीजे हैं। भतीजे के सफलता पर शशिकांत पांडे ने उन्हें बधाई दिया है एवं जीवन में मेहनत कर सफलता अर्जित करने का आशीर्वाद दिया ।राजकुमार ने अंग्रेजी में 96,हिंदी में 94,गणित में 92, सामाजिक विज्ञान में 98 एवं विज्ञान में 100 अंक लाया ।राजकुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन माता पिता एवं बड़े पापा को देता है ।इधर प्रखण्ड के शिक्षाविध एवं बुद्धिजीवियों ने राजकुमार को बधाई भी दिए है।

## विहिप व बजरंग दल की कमेटी गठित

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह**



कन्हाचट्टी :– प्रखंड के बक्चुम्बा गांव में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक बकचुम्बा के शिव मंदिर के प्रांगण में जागेश्वर दांगी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । मौके पर जिला संरक्षण मंत्री सुदर्शन ब्रह्मच. ारी उपस्थित थे। बैठक में कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष संतन दांगी उपाध्यक्ष रोहित दांगी अजीत प्रजापति मंत्री अनीश ठाकुर सह मंत्री आलोक दांगी धीरू सिंह बजरंग दल प्रमुख सुनील दांगी सह प्रमुख राजेश महतो सत्संग प्रमुख प्रदीप दांगी गौ रक्षक प्रमुख मनी सिंह धर्म प्रसार प्रमुख राजेश सिन्हा सेवा प्रमुख सुनील सोनी विद्यार्थी प्रमुख राहुल दांगी अखाड़ा प्रमुख कमलेश दांगी मातृशक्ति सुदामा देवी दुर्गा वाहिनी संयोजिका चयन किया गया